# INDIA NON JUDICIAL

## Government of Uttar Pradesh

IN-UP78184788917559X

MOHIT JAISWAL
Acc.Code-UP14842604
Civil Court, Gorakhpur
Mob-8116624598
Tahsil & Distt.-Sadar, Gorakhpur
Signature...

**e-Stamp**

IV 194/25

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP78184788917559X |
| Certificate Issued Date | : | 06-Aug-2025 04:14 PM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14842604/ GORAKHPUR SADAR/ UP-GRK |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14842604538491678265594X |
| Purchased by | : | BALRAM SINGH S O INDER SINGH |
| Description of Document | : | Article 64 (A) Trust - Declaration of |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | BALRAM SINGH S O INDER SINGH |
| Second Party | : | Not Applicable |
| Stamp Duty Paid By | : | BALRAM SINGH S O INDER SINGH |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 750<br>(Seven Hundred And Fifty only) |

Balram Singh

Balram Singh

MANAGER
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

PRINCIPAL
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

PF 0006149771

VOID VOID VOID

आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के बावत रूपया 5,000/–(पाँच हजार) का एक न्यास कोष स्थापित किया गया है और आगे भी इस कोष में विभिन्न उपायों से धन व चल–अचल सम्पत्ति की हम व्यवस्था करते रहेंगे। हम मुकिर ने अपने द्वारा स्थापित उक्त न्यास की प्रबन्ध व्यवस्था एवं प्रशासन के बावत् एक न्यास–पत्र को भी निष्पादित कर रहे हैं, जिसकी व्यवस्था निम्न रूपेण की जायेगी :–

1– **ट्रस्ट का नाम**– हम मुकिर द्वारा स्थापित न्यास का नाम **"गुरूकुल शिक्षा सेवा संस्थान, शान्तीपुरम, गोरखनाथ, जिला–गोरखपुर"** होगा, जिसे इस न्यास–पत्र में आगे "न्यास" या ट्रस्ट से सम्बोधित किया गया है।

2– **ट्रस्ट का पता**–हम मुकिर द्वारा स्थापित उक्त ट्रस्ट का कार्यालय **म0नं0–860बी, निकट राणीसती दादी मन्दिर, मुहल्ला–शान्तीपुरम, पोस्ट–गोरखनाथ, शहर–गोरखपुर,** में स्थित होगा। उक्त ट्रस्ट के कार्यो को सुचारू रूप से सम्पादित करने तथा इसके उद्देश्यों की सुगम प्राप्ति के बावत् इसके अन्य कार्यालयों की भी स्थापना की जायेगी और उनके कार्यालयों के पते पर ट्रस्ट मजकूर द्वारा गठित की जाने वाली संस्थाओं व समितियों का पंजीकरण सुसंगत अधिनियमों के अन्तर्गत कराया जा सकेगा। ट्रस्ट का कार्य क्षेत्र समस्त भारत होगा।

3– **ट्रस्टी सदस्य बनाने की सहमति** –हम मुकिर ट्रस्ट मजकूर के संस्थापक ट्रस्टी होंगे तथा ट्रस्ट के संचालन व व्यवस्था के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों जो ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार ट्रस्ट के हित में ट्रस्ट के स्थापना के समय से ही हम मुकिर संस्थापक ट्रस्टी के रूप में कार्यरत है, तथा अन्य ट्रस्टियों का भी

क्रमशः –3–

PRINCIPAL
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

MANAGER
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

33– ट्रस्ट द्वारा स्थापित एवं संचालित विद्यालय के प्रबन्ध समिति में राज्य सरकार के जिला स्तर के किसी अधिकारी को संस्था द्वारा सदस्य के रूप में नामित किया जायेगा।

34– ट्रस्ट द्वारा स्थापित एवं संचालित विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्रों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद / बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं लिया जायेगा।

35– ट्रस्ट द्वारा स्थापित एंव संचालित विद्यालय द्वारा राज्य सरकार से कोई अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजुकेशन नई दिल्ली से प्राप्त है तो उक्त परीक्षा परिषदों में सम्बधता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता और राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगा।

36– ट्रस्ट द्वारा स्थापित एंव संचालित विद्यालय के शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुबन्धों वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नही दिये जायेंगे।

37– ट्रस्ट द्वारा स्थापित एंव संचालित विद्यालय के कर्मचारियो की सेवा शर्ते जाएगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवानिवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

38– ट्रस्ट द्वारा स्थापित एंव संचालित विद्यालय पर राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, ट्रस्ट द्वारा स्थापित एंव संचालित विद्यालय उसका पालन करेगी।

क्रमश :—–11–

PRINCIPAL
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

MANAGER
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

39– ट्रस्ट द्वारा स्थापित एवं संचालित विद्यालय का रिकार्ड, प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा।

40– ट्रस्ट द्वारा स्थापित एवं संचालित विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ायी जा रही है तथा भविष्य में भी हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ायी जायेगी।

41– ट्रस्ट के उपरोक्त उद्देश्य क्रम सं0–32 से 40 तक में कोई परिवर्तन/संशोधन बिना किसी शासन एवं अनुभाग की अनुमति से नही दिया जायेगा।

42– ट्रस्ट के उपरोक्त उद्देश्य क्रम सं0–32 से 39 तक के प्रतिबन्धों के सोसाइटी के नियमावली में सम्मिलित किया जाना अनिवार्य होगा।

5– **मुख्य ट्रस्टी के अधिकार एवं कर्तव्य :–**

(A) ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेंतु सभी ट्रस्टीगण की सहमति और सर्वसम्मति न होने के दशा में बहुमत के आधार पर निर्णय लिया जायेगा किन्तु मुख्य ट्रस्टी की सहमति के बिना कोई निर्णय न तो लिया जा सकेगा और न तो मान्य होगा।

(B) ट्रस्टीयों की बैठक कर ट्रस्ट का कार्य लेखा–जोखा भविष्य में कार्यो पर विचार कर निर्णय लेना।

(C) ट्रस्टीयों मे से 2/3 की उपस्थिति पर ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा।

(D) ट्रस्ट के सम्बन्धी सभी कार्यो में संस्थापक ट्रस्टी की सहमति/अनुमति आवश्यक होगी।

(E) ट्रस्ट की बैठक वर्ष में 3 बार अर्थात् 04 माह पर होगी।

(F) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के समाप्ति पर तथा अगले वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में अप्रैल माह में मुख्य ट्रस्टी के समक्ष पिछले वित्तीय वर्ष के अन्य आय–व्यय का

क्रमश :—–12–

PRINCIPAL
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

MANAGER
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

सभी कार्यवाहियों को करना जिसके लिए ट्रस्ट की बैठक में अधिकृत किया गया हो। अध्यक्ष के परामर्श व सहमति से बैठक बुलाना। प्रस्ताव निश्चित करना। ट्रस्ट के वित्त सम्बन्धी लेखों का सुचारू रूप से रख–रखाव करना।

(D) सहसचिव :– सचिव के कार्यों में सहयोग करना / सचिव की अनुपस्थिति में उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करना। ट्रस्ट की बैठकों की कार्यवाही लिखना।

(E) कोषाध्यक्ष :– ट्रस्ट के लिए ट्रस्ट को प्राप्त होने वाली तथा ट्रस्ट की प्रत्येक धनराशियों को प्राप्त करना उनका लेखा–जोखा रखना, प्राप्त धनराशि की आवश्यकतानुसार रसीद जारी करना। ट्रस्ट के लिए तथा ट्रस्ट की ओर से व्यय की जाने वाली धनराशियों का भुगतान ट्रस्ट मण्डल में लिए गये निर्णय के अनुसार करना, उसकी रसीद प्राप्त करना, आय–व्यय का विवरण तैयार करना व रखना, ट्रस्ट के सम्पूर्ण कोष की व्यवस्था व संचालन करना।

8. ट्रस्ट की प्रबन्ध व्यवस्था :–

ट्रस्ट का गठन एवं संचालन निम्नलिखित रूप से किया जायेगा :–

(A) ट्रस्ट द्वारा स्थापित व संचालित शिक्षण संस्थाओं के निर्माण, विकास व उनमें योग्य व्यक्तियों के नियुक्ति, निलम्बन, सेवा समाप्ति, सेवा शर्ते, प्रशासन आदि सम्बन्धित विषयों पर ट्रस्ट मण्डल के बहुमत का निर्णय बाध्यकारी व प्रभावी होगा।

(B) ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी एवं प्रधान प्रबन्धक हम मुकिर होंगे। ट्रस्ट मण्डल / न्यास मण्डल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष के पद का कार्यकाल पाँच वर्ष होगा, किन्तु संस्थापक ट्रस्टी जो उपरोक्त पांचों पदो के

क्रमश :—16—

PRINCIPAL
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

MANAGER
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

क्रमशः पदाधिकारी है, उन्हें आपस में सर्वसम्मति से या बहुमत से उपरोक्त पदों के पदाधिकारियों को लिखित तौर पर पद के परिवर्तन करने के अधिकारी होंगे और ट्रस्ट के संस्थापक मुख्य ट्रस्टी को अपने जीवन काल में अगले संस्थापक मुख्य ट्रस्टी को नामित करने का अधिकार होगा। संस्थापक मुख्य ट्रस्टी का यह अधिकार उसके द्वारा वसीयत के माध्यम से अगले संस्थापक मुख्य ट्रस्टी को नामित करने के अधिकारी की नियुक्ति किये जाने के पूर्व संस्थापक मुख्य ट्रस्टी की मृत्यु हो जाये तो ट्रस्ट के शेष ट्रस्टी को संस्थापक मुख्य ट्रस्टी की विधिक उत्तराधिकारी में से योग्य व्यक्ति को बहुमत के आधार पर ट्रस्ट का मुख्य ट्रस्टी चयनित करने का अधिकार होगा। सदस्यता समाप्ति या कोई व्यक्ति ट्रस्ट में नहीं रहना चाहते तो उसके लिखित प्रत्यावेदन पर ट्रस्ट मण्डल विचार कर उसके योगदान आदि पर निर्णय लेकर उसे मुक्त कर सकता है।

(C) संस्थापक मुख्य ट्रस्टी की अनुपस्थिति, बीमारी या कार्य करने की अक्षमता की अवस्था में उनके द्वारा नामित ट्रस्टी संस्थापक मुख्य ट्रस्टी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत होगा।

(D) ट्रस्ट मण्डल के किसी सदस्य को उसके द्वारा ट्रस्ट के उद्देश्यों के विपरीत कार्य करने या ट्रस्ट के हितों के विपरीत आचरण करने की दशा में ट्रस्ट मण्डल द्वारा सामान्य बहुमत से ट्रस्ट से पृथक कर दिया जायेगा और उनके स्थान पर पूर्व में दिये गये प्रावधानों के अनुसार सुयोग्य एवं हितैषी व्यक्ति को ट्रस्ट मण्डल के ट्रस्टी के रूप में संयोजित कर लिया जायेगा। यदि कोई ट्रस्टी उक्त प्रकार से ट्रस्ट से पृथक नहीं किया जाता है तो उसे ट्रस्ट मण्डल

क्रमशः :—17—

PRINCIPAL
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

MANAGER
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

**आवेदन सं०: 202500950036291**

बही स०: 4 | रजिस्ट्रेशन स०: 194 | वर्ष: 2025

**निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त**

न्यासी: 1

श्री बलराम सिंह, |BALRAM SINGH

पुत्र श्री इन्दर सिंह

निवासी: म0नं0-860बी, निकट राणीसती मंदिर, मु0 शान्तीपुरम, पो0 गोरखनाथ, गोरखपुर

व्यवसाय: अन्य




**ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान**

पहचानकर्ता : 1

श्री सोनू कुमार सैनी, पुत्र श्री गिरजाशंकर सैनी

निवासी: हुमायूँपुर उत्तरी, पो0 गोरखनाथ, गोरखपुर

व्यवसाय: अन्य

पहचानकर्ता : 2




श्री प्रभात दूबे, पुत्र श्री श्रीनिवास दूबे

निवासी: लक्ष्मीपुर, पो0 तरकुलवा, जि0 देवरिया

व्यवसाय: अन्य




रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

शिखर सहाय लाल श्रीवास्तव प्रभारी
उप निबंधक : सदर प्रथम
गोरखपुर
12/08/2025

ने की । प्रत्यक्षत:भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

टिप्पणी :

शिखर सहाय लाल श्रीवा० कनिष्ठ सहायक निबंधन
निबंधक लिपिक गोरखपुर
12/08/2025

15. <u>ट्रस्ट के विघटन और विघटित सम्पत्ति के निस्तारण की कार्यवाही :–</u>

(i) ट्रस्ट के विघटन एंव विघटित सम्पति के निस्तारण की कार्यवाही इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के अन्तर्गत की जायेगी।

(ii) ट्रस्ट का किसी भी कारण विघटन होता है तो उस दशा में ट्रस्ट या संस्था की सम्पूर्ण सम्पत्ति पर स्वामित्व मुख्य ट्रस्टी का होगा।

(iii) यह कि इस ट्रस्ट के पास 5,000 से अधिक की चल व अचल सम्पत्ति नहीं है।

(iv) यह कि इस ट्रस्ट के माध्यम से किसी चल व अचल सम्पत्ति का अन्तरण नही हो रहा है।

घोषणा

मैं बलराम सिंह पुत्र श्री इन्दर सिंह निवासी–म०नं0–860बी, निकट राणीसती दादी मन्दिर, मुहल्ला–शान्तीपुरम, पोस्ट–गोरखनाथ, शहर–गोरखपुर, पिनकोड–273015 संस्थापक मुख्य ट्रस्टी, गुरूकुल शिक्षा सेवा संस्थान, शान्तीपुरम, गोरखनाथ, जिला–गोरखपुर, प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त न्यास का यह सही न्यास विलेख है।

हस्ताक्षर मुकिर

(बलराम सिंह)

हस्ताक्षर प्रारूपकर्ता

(अर्जुन कुमार एडवोकेट)
कलेक्ट्रेट कचहरी गोरखपुर

हस्ताक्षर गवाहान :– सोनू कुमार सैनी

1–सोनू कुमार सैनी पुत्र श्री गिरजाशंकर सैनी निवासी मु0 हुँमायुपुर उत्तरी, तहसील–सदर, जिला–गोरखपुर।

2–प्रभात दुबे पुत्र श्रीनिवास दुबे निवासी लक्ष्मीपुर, पोस्ट–तरकुलवां, जिला–देवरिया।

PRINCIPAL
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

MANAGER
GURUKUL ENLIGHTENED PUBLIC SCHOOL
BHAWANIPUR GANGIBAZAR MAHARAJGANJ

